http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 11

प्रयागराज बुधवार 25 सितम्बर 2024

पृष्ठः– 4, मूल्यः– एक रुपया

## बिना 'आप' के समर्थन के नहीं बन सकती नई सरकार: अरविंद केजरीवाल

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। आप नेता ने कहा कि अब आपको कहना चाहता हूं एक मौका दे दो हरियाणा की भी सेवा करने का, हरियाणा में भी अच्छे स्कूल बना दूंगा, बिजली फ्री कर दूंगा, अच्छे अस्पताल बना दूंगा। जैसे–जैसे हरियाणा चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे–वैसे सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस बीच आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी हरियाणा में जमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने आज रानियां में रोड शो किया और लोगों को संबोधित भी किया। केजरीवाल ने इस दौरान कहा कि हरियाणा के आपके इस बेटे ने, आपके भाई ने पूरे देश में, पूरी दुनिया में हरियाणा का नाम रोशन कर दिया। हरियाणा से निकलकर दिल्ली में सरकार बनाई, पंजाब में सरकार बनाई। आप नेता ने कहा कि अब आपको कहना चाहता हूं एक मौका दे दो हरियाणा की भी सेवा करने का, हरियाणा में भी अच्छे स्कूल बना दूंगा, बिजली फ्री कर दूंगा, अच्छे अस्पताल बना दूंगा। उन्होंने कहा कि आप कहोगे कैसे बनाओगे सरकार बन रही है क्या? तो मेरा जवाब है जो भी सरकार बन रही है हमारे बिना नहीं बन रही है। भाजपा पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि जेल में इन्होंने मुझे तोड़ने की खूब कोशिश की, मैं शुगर का मरीज हूं इन्होंने मेरी इंसुलिन बंद कर दी। ये मेरे हौसले तोड़ना चाहते थे, लेकिन ये नहीं जानते थे कि मैं हरियाणा का हूं। आप किसी को भी तोड़ सकते हो, हरियाणा वालों को नहीं तोड़ सकते। केजरीवाल ने कहा कि आप लोग जानते हो इन लोगों ने मुझे जेल में डाल दिया था, 5 महीने में जेल में रहा। मेरा कसूर ये है–– 10 साल में दिल्ली में गरीबों के बच्चों के लिए सरकारी स्कूल बना दिए।– पहले 7–8 घंटे दिल्ली में बिजली जाती थी, अब नहीं जाती। – दिल्ली और पंजाब में बिजली मुफ्त कर दी।– दिल्ली और पंजाब में बुजुर्गों को मुफ्त में तीर्थ यात्रा करवानी शुरु कर दी। इतने सारे काम कोई भ्रष्ट आदमी नहीं कर सकता।




### खाने–पीने के सामान में गंदगी मिलाने पर योगी सरकार सख्त

# खानपान के केंद्रों पर सफाई हो

- यूपी में खाने की दुकानों पर नेमप्लेट अनिवार्यः पूरे रेस्टोरेंट में सीसीटीवी लगाने होंगे, मास्क पहनना जरूरी, योगी सरकार ने लिए कई बड़े फैसले
- अब दुकानों पर मालिक–मैनेजर का लिखना होगा नाम

लखनऊ,(एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि ऐसे ढाबों और रेस्टोरेंट आदि खानपान के प्रतिष्ठानों की सघन जांच होगी और हर कर्मचारी का पुलिस वेरिफिकेशन किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खान–पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट और गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में घटीं ऐसी घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश के सभी होटलों, ढाबों और रेस्टोरेंट आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं साथ ही आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान–पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य और गंदी चीजों की मिलावट की घटनाएं देखने को मिली हैं। ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई स्वीकार नहीं किया जा सकते। उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए




ठोस प्रबंध किए जाने आवश्यक हैं। ऐसे ढाबों और रेस्टोरेंट आदि खान–पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है। प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन किया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्यवाही शीघ्रता से सम्पन्न कराई जाए। खान–पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले किये जाने चहिये। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाए। ढाबे, होटलों और रेस्टोरेंट आदि खान–पान के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस और स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा। खानपान के केंद्रों पर सफाई हो मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि खान पान के केंद्रों पर साफ–सफाई होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क और ग्लव्स का उपयोग जरूर करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आमजन के स्वास्थ्य हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं किया जा सकता।


## कांग्रेस लूट और धोखाधड़ी की पार्टी हैः सीएम सैनी

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच अक्टूबर को मतदान होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य में 16 अगस्त से आदर्श आचार संहिता लागू है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस का मूल चरित्र दलित विरोधी रहा है। इनका इतिहास उठाकर देखें तो इनका दलित विरोधी चेहरा बेनकाब होता है। उन्होंने हमेशा अपने नेताओं का अपमान किया है...अगर कांग्रेस में कोई दलित नेता अपनी मेहनत से थोड़ा भी ऊपर उठता है, तो यह कांग्रेस का चरित्र रहा है जो पूरे देश के सामने है कि उसने उसे कुचलने का काम किया है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच अक्टूबर को मतदान होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य में 16 अगस्त से आदर्श आचार संहिता लागू है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उसे दलित विरोधी पार्टी करार दिया और कहा कि उसने कुमारी सैलजा और अशोक तंवर जैसे दलित नेताओं का अपमान किया है। शाह ने आरक्षण के संबंध में टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अगर कोई आरक्षण की रक्षा कर सकता है, तो वह केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। शाह पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए टोहाना में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान से दूरी बनाने के चलते नाराजगी।




## सवाई माधोपुर से सुमेरगंज मंडी तक कवच का ट्रायल

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा सवाई माधोपुर से सुमेरगंज मंडी तक कवच का ट्रायल किया गया । इसके तहत कुल7 टेस्ट किए गए– टेस्ट एक 1. ड्राइवर 130 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से ट्रेन चला रहा था, लेकिन कवच अपने आप होम पर रुक गया। सिग्नल से 50 मीटर दूर जाने की अनुमति नहीं दी। टेस्ट 2य पीएसआर (स्थायी गति प्रतिबंध) टेस्ट– 120 किलोमीटर प्रति घंटे। ड्राइवर 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से ट्रेन ले जा रहा था, लेकिन कवच ने पूरे सावधानी क्षेत्र के लिए गति को नियंत्रित किया। और उसके बाद फिर से गति 130 किलोमीटर प्रति घंटे तक बढ़ गई। टेस्ट 3 –लूप लाइन सेटिंग और ट्रेन को 130 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चलाया जाना। कवच ने गति को 30 किलोमीटर प्रति घंटे तक नियंत्रित किया टेस्ट 4रू स्टेशन मास्टर ने असामान्यताओं का संदेश दिया और कवच ने अपने आप ट्रेन को रोक दिया। 5. लेवल क्रॉसिंग सीटी टेस्टरू लेवल क्रॉसिंग पर ड्राइवर ने हॉर्न का इस्तेमाल नहीं किया, लेकिन कवच ने एलसी गेट से गुजरते समय अपने आप हॉर्न बजा दिया। एलसी गेट नंबर 148। 6. लोको के कैब पर अगले सिग्नल एस्पेक्ट के बारे में परीक्षणरू यह हर समय लगातार दिखाई दे रहा था। यह कैब सिग्नलिंग का भी परीक्षण था। 7. होम सिग्नल स्पैड (सिग्नल पासिंग एट डैंजर) परीक्षण चालक ने लाल होने पर होम सिग्नल पार करने की कोशिश की। कवच ने पार करने की अनुमति नहीं दी।




## मथुरा का पेड़ा, आगरा का पंछी पेठा तो बनारस के पान का भी मिलेगा स्वाद

लखनऊ,(एजेंसी)। योगी सरकार के नेतृत्व में 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आगंतुक, मेहमान और मेजबान उत्तर प्रदेश के व्यंजन का भी स्वाद चखेंगे। यहां एक या दो नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के अनेक



जनपदों के नामचीन पकवान परोसे जाएंगे। इसके पीछे योगी सरकार का उद्देश्य है कि यहां के पकवानों के स्वाद की खुशबू विदेशों तक पहुंचे। आगरा के पंछी पेठा और मथुरा के पेड़ा की भी मिलेगा स्वाद यूपीआईटीसी में आगरा के पंछी पेठा और मथुरा के पेड़ा का भी स्वाद मिलेगा। खुर्जा की खुरचन की महक भी आगंतुकों को आकर्षित करेगी। यहां आने वाले मेहमान बनारस के पान का स्वाद भी चखेंगे। लोग कानपुर के चाट का स्वाद भी ले सकेंगे। बलिया का लिट्टी–चोखा तो लखनऊ–अवधी के व्यंजनों का भी ले सकेंगे जायका ट्रेड शो में आए मेहमान बलिया की लिट्टी–चोखा और लखनऊ के टुंडे के कबाब का भी जायका ले सकेंगे। अवध के व्यंजनों की खुशबू भी ट्रेड शो में महकेगी। बरेली का जायका भी लिया जा सकेगा। जौनपुर की देशी रसोई के पकवान भी ट्रेड शो में जायका बढ़ाएंगे।

### पवन कल्याण ने मंदिर में की शुद्धि, बोले...

## सनातन धर्म पर हमलों पर चुप नहीं बैठेंगे

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने तिरुमाला के लड्डू प्रसादम में कथित मिलावट को लेकर अपनी 11 दिवसीय श्प्रायश्चित्त दीक्षाश के हिस्से के रूप में कनक दुर्गा मंदिर में शुद्धिकरण अनुष्ठान किया। उन्होंने कहा कि आज प्रायश्चित्त दीक्षा का तीसरा दिन है। मैं बचपन से ही सनातन धर्म का पालन करता आया हूं। मैं श्री राम का भक्त हूं और हिंदू होने पर गर्व है। उन्होंने कहा कि वाईएसआरसीपी शासन के दौरान कनक दुर्गा मंदिर से तीन शेर (इंद्रकीलाद्री के ऊपर देवी कनक दुर्गा के रथ से जुड़े) लूट लिए गए थे। जब हमने उनसे सवाल किया तो हमें चुप्पी मिली। पवन कल्याण ने कहा कि मुझे नहीं पता कि वाईवी सुब्बा रेड्डी और करुणाकर रेड्डी ने ईसाई धर्म अपना लिया है या नहीं। आपके शासन में, एक बोर्ड (टीटीडी) की स्थापना की गई थी, और आप इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार और जवाबदेह हैं। रिपोर्ट मिलने के बाद ही हम ये सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं पोन्नावोलु सुधाकर की टिप्पणियों की निंदा करता हूं। वह बहुत घमंडी है। मैं अदालती मामले के लिए तैयार हूं क्योंकि आप एजीपी




हैं। हिंदू धर्म की आलोचना न करें, अन्यथा हम आपको जवाबदेह ठहराएंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि आपकी हिम्मत कैसे हुई सूअर के मांस की कीमत की तुलना शुद्ध घी से करने की? वाईवी सुब्बा रेड्डी, जांच की तैयारी करें। ईओ धर्मा रेड्डी फरार हैं। तिरुमाला एक धार्मिक स्थल से अधिक एक वित्तीय केंद्र बन गया है, ईओ धर्म रेड्डी ने आगम शास्त्र का पालन नहीं किया और अपने बेटे की मृत्यु के 11 दिनों के भीतर मंदिर में प्रवेश किया। उन्होंने कहा कि अगर इस्लाम में भी ऐसी ही हरकतें की गईं तो क्या वे आपको छोड़ देंगे? आपको इस्लाम के सिद्धांतों से सीखना चाहिए। इस मुद्दे पर वाईएसआरसीपी नेताओं ने क्या किया है? वे चुप क्यों हैं? उन्हें अनिवार्य रूप से परिणाम भुगतने होंगे। जन सेना प्रमुख तिरुमाला मंदिर के लड्डू प्रसादम बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले घी में पशु वसा की कथित उपस्थिति पर अपनी 11 दिवसीय श्प्रायश्चित दीक्षाश (तपस्या) के हिस्से के रूप में यहां कनक द्रुगा मंदिर में शुद्धिकरण अनुष्ठान के बाद मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे।

पवन कल्याण ने श्दीक्षाश लेने और मिलावट के खिलाफ बोलने के लिए उनकी आलोचना करने वालों पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि मुझे क्यों नहीं बोलना चाहिए? जब मेरे घर पर हमला हो तो क्या मुझे नहीं बोलना चाहिए?

## बीजेपी ने सिद्धारमैया से मांगा इस्तीफा, कहा– घोटाले में शामिल है सीएम और उनका परिवार


नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कथित MUDA घोटाले में अभियोजन के लिए राज्यपाल की मंजूरी को चुनौती देने वाली सीएम सिद्धारमैया की याचिका खारिज कर दी। इसके बाद से राज्य की सियासत तेज हो गई है। भाजपा ने इसको लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इसको लेकर कहा कि कांग्रेस पार्टी को हमें बताना चाहिए कि कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले के बाद क्या मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का पद पर बने रहना उचित है? सिद्धारमैया को पद छोड़ना होगा। उन्होंने वह जमीन लूट ली जो एससीध्एसटी समुदाय के लोगों के लिए थी। शहजाद पूनावाला ने कहा कि डन्क। घोटाले में 5000 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार किया गया। सिद्धारमैया के परिवार और दोस्तों को फायदा हुआ। कांग्रेस पार्टी को एससीध्एसटी समुदाय के लोगों की कोई परवाह नहीं है। क्या राहुल गांधी श्भ्रष्टाचार की दुकानश पर लेंगे एक्शन? बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि हमने पहले भी स्पष्ट रूप से कहा था कि डन्क। घोटाले में सीधे तौर पर सीएम शामिल थे और उनके परिवार लाभार्थी हैं। हमने भ्रष्ट मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए बेंगलुरु से मैसूरु तक पदयात्रा निकाली। उन्होंने कहा कि मामला राज्यपाल के कार्यालय तक पहुंचा और राज्यपाल ने कागजात देखने और विशेषज्ञों से परामर्श करने के बाद मुकदमा चलाने की अनुमति दी। सीएम और उनके कैबिनेट सहयोगियों ने राज्यपाल कार्यालय के खिलाफ कई आरोप लगाए। अब जब मामला HC तक पहुंचा तो आज HC ने अपने फैसले में साफ कहा कि राज्यपाल की कार्रवाई कानून के मुताबिक थी। विजयेंद्र ने कहा कि फैसले से संकेत मिलता है। कि सीएम और उनका परिवार घोटाले में शामिल है। हम पिछले दो महीने से मुडा घोटाले में सीएम के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं. मुझे उम्मीद है।



## कांग्रेस ने सिद्धारमैया के इस्तीफे से किया इनकार

- डीके शिवकुमार बोले– यह भाजपा की राजनीतिक साजिश

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कर्नाटक उच्च न्यायालय से मिले झटके के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर भाजपा हमलावर हो गई है। भाजपा सिद्धारमैया से इस्तीफे की मांग कर रही है। हालांकि, सिद्धारमैया को उनके कैबिनेट सहयोगियों से मजबूत समर्थन मिला है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि इस्तीफे का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा कि यह महज भाजपा द्वारा रचित एक राजनीतिक साजिश है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मुख्यमंत्री ने कुछ भी गलत नहीं किया है और वह किसी घोटाले में शामिल नहीं हैं। यह भाजपा द्वारा हमारे और देश भर के अन्य विपक्षी नेताओं के लिए समस्याएं पैदा करने का एक प्रयास है। हम उनके साथ खड़े हैं और देश, पार्टी और राज्य के लिए उनके अच्छे काम का समर्थन करते हैं। डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के आवास पर पहुंचे थे। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने कहा कि मैं आश्चर्यचकित नहीं हूं। राज्यपाल और राज्यपाल के




कार्यालय को शामिल करने का विचार यह सुनिश्चित करना था कि यह इस तरह से चले। राज्यपाल ने बहुत स्पष्ट रूप से अपने कानूनी दायरे का उल्लंघन किया है और उन्होंने ये चीजें की हैं। उन्होंने कहा कि हम इसे एक मानक संचालन प्रक्रिया के रूप में देखते हैं, हम इसे एक प्लेबुक के रूप में देखते हैं – झारखंड में क्या हुआ, दिल्ली में क्या हुआ, हम कर्नाटक में भी देख रहे हैं। उनहोंने कहा कि हम अभी भी देश के कानून में विश्वास करते हैं, हम विश्वास करते हैं भारत का संविधान. बीजेपी के पास भले ही कर्नाटक के राज्यपाल हों, हमारे पास बाबा साहब अंबेडकर का संविधान है। कांग्रेस सांसद डॉ. सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि भाजपा हमें भ्रष्टाचार के आरोपों से बदनाम करना चाहती है।श् कर्नाटक के मुख्यमंत्री इस घोटाले में शामिल नहीं हैं। जमीन उनके नाम पर नहीं है। उन्होंने कहा कि मुआवजा वाली जमीन कांग्रेस शासन के दौरान नहीं दी गई थी, यह भाजपा शासन के दौरान दी गई थी। राज्यपाल केवल एक व्यक्ति को अभियोजन स्वीकृति देने में इतने चयनात्मक क्यों हैं? सभी राज्यों में राज्यपालों के कार्यालयों का उपयोग भाजपा द्वारा अपनी सरकारें स्थापित करने के लिए किया जा रहा है। यह स्थापित नहीं हुआ है कि मुख्यमंत्री इसमें शामिल हैं। जांच होने पर ही सच्चाई सामने आएगी। कथित मुडा भूमि घोटाला क्या है? मुडा शहरी विकास के दौरान अपनी जमीन खोने वाले लोगों के लिए एक योजना लेकर आई थी। 50रू50 नाम की इस योजना में जमीन खोने वाले लोग विकसित भूमि के 50: के हकदार होते थे।

## एजेंडे का हिस्सा

लोकसभा के सदस्यों से आवश्यक शिष्टता, शालीनता, मर्यादा, भाषाई संयम और व्यावहारिक विवेक की अपेक्षा करना तो लगभग संभव ही नहीं रह गया है। फिर भी उनके महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक पद के अनुसार न्यूनतम शिष्टाचार की उम्मीद तो रहती ही है।लेकिन इस बार नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ लेते समय शपथ ग्रहण मंच को जिस तरह से अपने–अपने एजेंडे का माध्यम बनाया वह जितना हतप्रभ करने वाला था उतना ही दुखद भी था। भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने शपथ लेने के बाद श्यामाप्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद्य के नारे लगाए। तो बरेली के भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने जय हिन्दू राष्ट्रवाद का नारा लगाकर धर्मनिरपेक्षवादी विपक्ष को सुई चुभाने का काम किया।इसी तरह अनेक नवनिर्वाचित सांसद एक के बाद एक अपने–अपने एजेंडे को सामने रखते हुए शपथ लेने के समय नारे लगाते देखे गए। लेकिन सबसे ज्यादा हैरत में डालने वाला शपथ ग्रहण ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुसलमीन के नेता असदीन ओवेसी का रहा। उन्होंने विशुद्ध इस्लामिक तरीके से अल्लाह के नाम पर शपथ ली और शपथ लेने के बाद जो नारे लगाए वे थे जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन। प्रत्यक्षतरू लग सकता है कि उनके ये नारे सत्ता पक्ष को चिढ़ाने के लिए थे।

इन नारों से सत्ता पक्ष विशेषकर राष्ट्रवादी भाजपा का कुनबा चिढ़ा भी, गुस्सा भी हुआ और आक्रामक भी। लेकिन इस पक्ष के पास ऐसा कोई कानूनी औजार नहीं था जिससे इस तरह की शपथ लेने वाले, हर समय इस्लाम और मुसलमान की दुहाई देने वाले इस सांसद ओवेसी को दंडित जैसा कुछ किया जा सके।वस्तुतरू ओवेसी जैसे मुस्लिम नेता ऐसी बातें भ्रमवश, चूकवश या सिर्फ उकसावे के लिए नहीं करते। इस तरह की चीजें उनके दूरगामी एजेंडे का हिस्सा होती हैं जिसमें इस्लामी वर्चस्व, धर्मनिरपेक्षता, लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं और इनके नाम पर मिली अभिव्यक्ति की आजादी इनके मुख्य एजेंडे के लिए सिर्फ कवच मात्र होते हैं।इसलिए ओवैसी के नारों के निहितार्थ से केवल भाजपा, आरएसएस कुनबे को कम, बल्कि कथित धर्मनिरपेक्षतावादियों को ज्यादा चिंतित होना चाहिए और उन्हें इस तरह की स्थितियों को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्हें समझना चाहिए कि इनमें भविष्य की जिन टकराहटों की आहट छिपी हुई है।

## आज का राशिफल



डॉ बिपिन पाण्डेय
ज्योतिष विभाग
लखनऊ विवि

मेष–आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा। थकान महसूस होगी। आराम के लिए समय निकालें।

वृष –आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा। दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुन –आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल–मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है।

कर्क –दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म–कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है। लाभ होगा। अपने प्रेमी या जीवनसाथी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह –आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात–निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा। दूसरों की गलती अपने पर आ सकती है। काम में देरी से लाभ की मात्रा सीमित होगी।

कन्या –आज के दिन आपको सुख–समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके कर्मक्षेत्र, आपके सम्मान व आपके नाम पर पडने के आसार हैं।

तुला:आज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। परिवार के लोग आपसे थोड़े नाराज हो सकते हैं।

वृश्चिकः आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी। आज आपका प्रिय आपके साथ में समय बिताने और तोहफे की उम्मीद कर सकता है।

धनुः आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफी संवेदनशील होंगे। अगर आप सूझ–बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

मकरः आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। दफ्घ्तर का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है। अपने जज्बात पर काबू रखें। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी।

कुंभः आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता–पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आज दोस्तों के साथ बाहर घूमना आपके मन को खुशी देगा।

मीनः आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

# अंदरूनी कलह बड़ी भूमिका निभाई

रजनीश कपूर

हिंदुओं के तीर्थ अयोध्या, रामेश्वरम में मिली हार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को काशी में पिछली बार के मुकाबले बहुत कम अंतर से मिली जीत से कई तरह के सवाल उठते है। इन नतीजों के बाद सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत द्वारा श्अहंकारय् की ओर इशारा करना भी क्या इस बुरे प्रदर्शन का कारण बना? सूत्रों के अनुसार इस बार के चुनावों कम सीट आने के पीछे भाजपा में अंदरूनी कलह ने भी एक बड़ी भूमिका निभाई।श्अचानक कहीं कुछ नहीं होता, अंदर ही अंदर कुछ घिस रहा होता है, कुछ पिस रहा होता है।य इन पंक्तियों में कवि ने इस बात पर इशारा किया है कि किसी भी काम का विपरीत अंजाम आने पर हमें ऐसा क्यों लगता है कि ऐसा कैसे हो गया? जबकि उसके पीछे के कारणों पर कोई ध्यान नहीं देता। ऐसा ही कुछ हुआ 2024 के उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनावों के परिणामों के बादहै।प्रदेश में बीजेपी को पहले के मुकघबले इस बार बहुत कम सीटें मिलीं है। ऐसा क्या कारण था कि भाजपा का प्रदर्शन इतना बुरा रहा? जबकि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण,अनुच्छेद 370 के हटने और तीन तलाकध् के मुद्दे थे। ये ऐसे कुछ मुद्दे थे जिन पर भाजपा को पूरा विश्वास था कि वह श्अबकी बार 400 पारय् के अपने नारे को सच कर दिखाएँगे। परंतु ऐसा नहीं हो सका।



ऐसा माना जाता है कि दिल्ली की गद्दी का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है। इस बार के चुनावों में उत्तर प्रदेश का जो परिणाम रहा उसने सत्तारूढ़ दल को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि ऐसी कौनसी कमी उनकी नीति मे थी जो वोटरों को अपनी ओर आकर्षित करने में विफल रही? ऐसा क्या हुआ कि पार्टी के कार्यकर्ताओं में वो उत्साह नहीं था जो पिछले दो लोकसभा चुनावों में देखा गया?क्या संगठन के काम करने के ढंग या उनके द्वारा लिये गये गलत फैसलों ने जमीनी कार्यकर्ताओं को हतोत्साहित किया? क्या उत्तर प्रदेश में या अन्य राज्यों में, जहां भाजपा का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था वहाँ पर उम्मीदवारों के चयन में गलती हुई? हिंदुओं के तीर्थ अयोध्या, रामेश्वरम में मिली हार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को काशी में पिछली बार के मुकाबले बहुत कम अंतर से मिली जीत से कई तरह के सवाल उठते है। इन नतीजों के बाद सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत द्वारा श्अहंकारय् की ओर इशारा करना भी क्या इस बुरे प्रदर्शन काकारण बना?

सूत्रों के अनुसार इस बार के चुनावों कम सीट आने के पीछे भाजपा में अंदरूनी कलह ने भी एक बड़ी भूमिका निभाई। जिस तरह केंद्र के नेतृत्व द्वारा राज्य की सरकारों व राज्यों के नेताओं की उपेक्षा की गई और वो फिर जनता के सामने आई वह भी इन नतीजों का कारण बनी। भाजपा और संघ के बीच हुए मतभेदों को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। यदि केंद्र और राज्य के नेतृत्व में कोई मतभेद थे तो उन्हें समय रहते एक मर्यादा के तहत हल किया जाना चाहिए था।

भाजपा और संघ के कार्यकर्ताओं का इस बार के चुनावों में सक्रिय योगदान नहीं दिखाई दिया उससे देश भर में एक संदेश गया है कि राष्ट्रीय नेतृत्व जमीन से कट गया है। इस बार के चुनावों को इतने चरणों में बाँटने से भी कार्यकर्ताओं की सहभागिता में कमी नजर आई। कार्यकर्ताओं को इस बात का पूर्ण विश्वास था कि पिछले दस वर्षों में देश में ऐसे कई बदलाव आए हैं जो तीसरी बार भी मोदी सरकार को पूर्ण बहुमत दिलाएँगे। शायद इसी के चलते भी कार्यकर्ताओं में उतना उत्साह दिखाई नहीं दिया।वहीं दूसरी ओर देखें तो समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके कार्यकर्ताओं ने जिस तरह उत्तर प्रदेश के चप्पे–चप्पे पर अपनी नजर बनाए रखी और खूब भागदौड़ की वो काफी फायदेमंद रहा। सपा के उम्मीदवारों का चयन और श्इंडियाय् गठबंधन के घटक दलों का उन पर विश्वास, दोनों ही इन चुनावों में सही साबित हुए। चुनाव के दौरान और चुनाव संपन्न होने के बाद जिस तरह अखिलेश यादव की सेना ने चौकन्ना रह कर स्थानीय प्रशासन और चुनाव आयोग पर दबाव बनाए रखा वो फायदेमंद साबित हुआ।यदि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता इसी ऊर्जा और रणनीति से अभी से जुटे रहेंगे तो 2027 के विधान सभा चुनावों में भी उनका प्रदर्शन बढिया रहेगा। उत्तर प्रदेश के अगले विधान सभा चुनावों में यदि सही रणनीति और सही उम्मीदवारों का चयन हो, यदि वहाँ की जनता की समस्याओं के समाधान की एक ठोस योजना हो तो उन मतों को भी अपने पाले में लाया जा सकता है जो बुनियादी मुद्दों से भटका दिये गये हैं।

इतना ही नहीं, जिस तरह समाजवादी पार्टी को एक विशेष वर्ग के लोगों की पार्टी माना जाता था, उसका भी भ्रम इस बार के चुनावों में टूटा है। सभी हिंदू तीर्थ स्थलों में सपा ने भाजपा को शिकस्त दी है। समाजवादी पार्टी ने जिस तरह श्एम–वाईय् फैक्टर को नये रूप में पेश किया वह भी काम कर गया है। इस बार के चुनावों श्एम–वाईय् फैक्टर को श्महिलाय् एवं श्युवाय् के रूप में देखा गया।यदि इसी तरह की रणनीति के तहत अखिलेश यादव की पार्टी 2027 के विधान सभा चुनावों की योजना बनाए तो उनको अगली विधान सभा में 300 का आँकड़ा पार करना मुश्किल न होगा। ऐसा करने के लिए उन्हें श्इंडियाय् गठबंधन के दलों को भी अपने साथ लेकर चलना होगा। जिस तरह भाजपा हर समय चुनावी मूड में रहती है यदि विपक्षी पार्टियाँ भी उसी मूड में रहें तो भाजपा को कड़ी टक्कर दे पायेंगी।इसके साथ ही सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों को ही इस बात पर भी तैयार रहना चाहिए कि यदि किसी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलता है तो गठबंधन की सरकार ही विकल्प होता है। यदि कोई भी दल इस अहंकार में रहे कि वो एक बड़ा और प्रभावशाली राजनैतिक दल है और विपक्ष दर्शक दीर्घा में बैठने के लिए है तो फिर उसे तब झटका लगेगा ही जब उसे सरकार बनाने के लिए अन्य दलों के आगे झुकना पड़ेगा।हर दल को जनता के फैसले का सम्मान करना चाहिए और अपनी हार स्वीकार लेनी चाहिए। गठबंधन की सरकार में हर वो दल जिसके पास अच्छी संख्या हो वह किसी न किसी बात पर उखड़ भी सकता है। इसलिए भलाई इसी में है कि अपनी गलतियों से सबक लिया जाए और सबका साथ और सबका विकास अमल में लाया जाए।

# कुम्हारों के चाक से बन रहे है आस्था के दीये

श्री राम लाल प्राण प्रतिष्ठा के खास अवसर ने यहां के कुम्हारों की किस्मत चमका दी है। इन दिनों कुम्हार कारीगर मिट्टी के दीये बनाने में व्यस्त है। वे दिन रात परिवार सहित चाक से आस्था के दीये गढ़ रहे हैं। ऑफ सीजन में भी दीयों की मांग ने कुमारों को आय का नया और अतिरिक्त जरिया दिया है।ष्ये सब राम की कृपा ही है कि हम ऑफ सीजन में दीया बना रहे हैं। सच तो ये है की जब से अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि तय हुई है। उसी दिन से दीयों और मिट्टी के कलश की मांग बढ़ गई है। अभी तक लगभग 50 हजार दिया बेच चुके हैं।ष्ये कहना है महासमुन्द के कुम्हार पारा नियासी श्री सुखरू कुम्हार का। उनका कहना है पूरा परिवार इस कार्य को अनुष्ठान मान कर कर रहे हैं। सुखरु कुम्हार के परिवार उनकी बहू और बेटे भी दीया बनाने में व्यस्त है। उनका कहना है कि श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा हमारे लिए एक नया अवसर लेकर आया है। यह सब राम की कृपा है।। उन्होंने कहा कि शहर में करीब 35 परिवार इस कार्य में लगे हैं।

इस तरह समूह की महिलाएं भी दीया बनाने के काम में दिन रात जुटी हुई है ।महाप्रभु महिला समूह और लक्ष्मी नारायण महिला समूह के सदस्यों ने बताया कि अभी तक लगभग 60 हजार दीयों की बिक्री हो चुकी है ।पहली बार रायपुर से ऑर्डर भी मिले हैं ।महाप्रभु समूह के उत्तरा चक्रधारी ने बताया कि उनके समूह में 10 सदस्य हैं और सभी अपने अपने घरों में लगातार दीया और मिट्टी के कलश बना रहे हैं ।बाजार में भी डिमांड बढ़ी है ।इसी तरह महिला समूह लक्ष्मी नारायण की कुसुम लता चक्रधारी ने बताया कि इस अवसर पर हम खुशी और आस्था से दीपक बना रहे हैं। इससे हमारी आजीविका में एकाएक वृद्धि हुई है । प्रति दीया लगभग 75 पैसे में विक्रय करते हैं।

यह श्री राम की ही कृपा है कि हमें ये शुभ अवसर मिला है।समूह की सदस्य कुसुम लता ने बताया कि यह हमारे लिए विशेष अवसर है कि हमारे द्वारा बनाए गए दीये मंदिरों में जगमगाएंगे। हम भी अपने–अपने घरों में दीया जलाएंगे ।सुखरू कुम्हार ने कहा कि उन्हें करीब 7 साल पहले ही इलेक्ट्रॉनिक चाक मिला है ।जिससे वह लगातार मिट्टी के सजावटी सामग्री बना रहे हैं।महाप्रभु समूह के सदस्य ने बताया कि राष्ट्रीय आजीविका शहरी विकास अभिकरण के माध्यम से उन्हें?1लाख रुपए का लोन मिला था,जिससे यह कार्य करने में सक्षम हुई। महिला समूह की मार्गदर्शिका प्रेमशीला बघेल ने बताया की अब शासन की मंशानुरूप महिला समूह के सदस्यों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत लाभ दिलाएंगे जिससे वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाएंगे।



# फडणवीस से क्यों डरा रहता है विपक्ष?

आर.के. सिन्हा

लोकसभा चुनावों के नतीजे आने और केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद अब महाराष्ट्र विधानसभा के आगामी अक्तूबर के महीने होने वाले चुनाव हैं। भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था की जान है महाराष्ट्र। इसलिए सारे देश की निगाहें महाराष्ट्र पर लगी रहती हैं। वहां राज्य विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति भी गरमा चुकी है। आरोप–प्रत्यारोप के नियमित दौर चल रहे हैं। महाराष्ट्र का विपक्ष महाविकास आघाडी राज्य के उस नेता पर आरोप लगा रहे हैं, जिसने राज्य का मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश का चौतरफा विकास करवाया। हम बात कर रहे हैं महाराष्ट्र के शिखर भाजपा नेता और वर्तमान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की।

देवेंद्र फडणवीस राज्य के एक बड़े नेता होने के साथ ही काफी दूरदर्शी और अनुभवी रणनीतिकार के रूप में भी जाने जाते हैं। वह कई बार मुश्किलों में फँसी पार्टी को बाहर निकालकर अपनी योग्यता साबित कर चुके हैं। जब वह राज्य के मुख्यमंत्री थे, तब उनके कार्यकाल में राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास में कई काम हुए । मुंबई मेट्रो विस्तार और मुंबई–नागपुर समृद्धि महामार्ग जैसी प्रमुख परियोजनाओं की शुरुआत की गई। तब महाराष्ट्र की प्रतिष्ठा एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में और बढ़ी। देवेंद्र फडणवीस ने ही कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिसिंग को मजबूत किया और अपराध की रोकथाम के लिए टेक्नोलॉजी आपरेटेड सिस्टम की शुरुआत की। समाज कल्याण को लेकर भी उन्होंने काफी पहल की। हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान और सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम लागू किए गये।

महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने बीत दिनों देवेन्द्र देवेंद्र फडणवीस पर आरोप लगाया कि वे जब राज्य के गृहमंत्री थे तब उन्होंने (देवेंद्र फडणवीस ने )उन पर दबाव बनाया था कि वे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और महाविकास आघाडी के तीन अन्य नेताओं के खिलाफ केस दर्ज करवा दें। हालांकि देवेंद्र फडणवीस ने देशमुख के इस आरोप को सिरे से खारिज किया है। कुल मिलाकर लग यह रहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जनता के बुनियादी मसलों से हटकर आरोप–प्रत्यारोप लगते रहेंगे। विपक्ष सत्ता हासिल करने के लिए तबीयत से कीचड़ उछालेगा।जाहिर है फडणवीस ने भी देशमुख को उनकी ही भाषा में जवाब भी दिया। सबको याद है कि अप्रैल 2021 में गृह मंत्री रहे देशमुख पर तत्कालीन मुंबई पुलिस कमिनर परमबीर सिंह ने यह आरोप लगाया था कि उन्होंने महाराष्ट्र की पुलिस को शहर के होटल और बार मालिकों से पैसे वसूलने पर लगा दिया था। अब देशमुख कह रहे हैं कि फडणवीस के निर्देश पर परमबीर सिंह ने उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए। अब तीन साल बाद वही एनसीपी नेता देशमुख यह दावा कर रहे हैं कि फडणवीस ने उन पर उद्धव और आदित्य ठाकरे, तत्कालीन डिप्टी सीएम अजीत पवार और मंत्री अनिल परब सहित एमवीए के प्रमुख लोगों के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए दबाव डाला था। साफ है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में टकराव बढ़ने वाले हैं और महाविकास आघाडी के निशाने पर देवेंद्र फडणवीस ज्यादा रहने वाले हैं। देवेंद्र फडणवीस पर विपक्ष गठबंधन महाविकास आघाडी के नेता रणनीति के तहत हल्ला बोल रहे हैं। उन्हें लगता है कि देवेंद्र फडणवीस को घेरकर वे विधानसभा चुनाव में बढ़त बना सकते हैं।

बेशक, यह अफसोसजनक स्थिति है कि जिस फडणवीस के मुख्यमंत्रित्व



काल में राज्य का अभूतपूर्व विकास हुआ, उन पर मिथ्या आरोप लग रहे हैं। उनके ही नेतृत्व में मुंबई मेट्रो का विस्तारीकरण हुआ। मुंबई–नागपुर समृद्धि महामार्ग, आर्थिक गलियारों और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए एक्सप्रेसवे परियोजना की शुरुआत हुई। बढ़ती शहरी आबादी को समायोजित करने के लिए किफायती आवास योजनाओं को उन्होंने ही लागू किया। सड़क और रेल परियोजनाओं सहित सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क में सुधार किया। आतंकवाद–रोधी उपायों के तहत संभावित खतरों को रोकने और उनका जवाब देने के लिए सुरक्षा ढांचे को बढ़ावा दिया। देवेंद्र फडणवीस ने सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर दिया। मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक के तहत मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ने के लिए इस समुद्री पुल की शुरुआत की। गोपीनाथ मुंडे के निधन के बाद देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र की राजनीति में एक प्रमुख नेता के रूप में सामने आए। उन्होंने राज्य भाजपा को एकजुट किया। यह फडणवीस ही थे जिन्होंने भाजपा की ताकत बढ़ाने के लिए शिवसेना के बिना चुनाव लड़ने का हिम्मती फैसला किया। उन्होंने राज्य के लिए भाजपा की स्वतंत्र ताकत और दृष्टि पर जोर दिया और उनके नेतृत्व में ही भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। राज्य में शिव सेना के बिना भाजपा की सरकार बनाने के लिए फडणवीस ने ही मंच तैयार किया।

अब भी वह सत्तासीन गठबंधन में स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनका रणनीतिक कौशल जबर्दस्त रहा है। वह शासन में निरंतरता और प्रगति सुनिश्चित करते हुए लचीलेपन के साथ हर मुद्दे का राजनीतिक समाधान तलाशने में महारत रखते हैं। वही विभिन्न वर्गों के साथ प्रभावी ढंग से बातचीत करने में आगे रहे हैं। उनकी नेतृत्व शैली और उपलब्धियों ने उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति में एक केंद्रीय व्यक्ति के रूप में स्थापित किया है। वह पैराशूट वाले नेता नहीं हैं। महाराष्ट्र में वह भाजपा में रैंक के माध्यम से आगे बढ़ने वाले नेता हैं। फडणवीस 1989 में युवा विंग के अध्यक्ष रहे हैं और केवल 27 साल की उम्र में नागपुर के मेयर नियुक्त हुए और 44 साल की उम्र में मुख्यमंत्री बन गए। वह एक ऐसे नेता हैं जो भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और आरएसएस दोनों में स्वीकार्यता रखते हैं। वह संघ के मूल मूल्यों को समझते हैं और पार्टी के भीतर उसको अपनाने की कोशिश भी करते हैं। महाराष्ट्र में हाल ही में हुए राजनीतिक उथल–पुथल जैसे चुनौतीपूर्ण समय के दौरान स्थिति को स्थिर करने और पार्टी के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने में उनकी बड़ी भूमिका रही है। हाल के लोक सभा चुनावों में पार्टी की हार को अपनी जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करते हुए इस्तीफा देने की उनकी पेशकश, नैतिक बल को ही दर्शाती है।

फडणवीस पर 2024 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को जीत दिलाने की बड़ी जिम्मेदारी है। राज्य के राजनीतिक हलकों में कई लोगों को लगता है कि पिछले दस वर्षों से महाराष्ट्र में भाजपा के निर्विवाद नेता के रूप में फडणवीस ही राज्य में भाजपा की पुनः वापसी कर सकते हैं। वे विपक्ष को पटकनी देने में सक्षम हैं। विपक्ष भी हमेशा फडणवीस से ही डरा हुआ दिखाई देता है। किसी न किसी तरह से उन पर निशाना साधने में महाविकास अघाडी के नेता कोई कसर नहीं छोड़ते। यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देवेन्द्र फडणवीस पर भरोसा रखते हैं।2019 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को अच्छी सफलता मिली, सबको लगा कि फडणवीस एक बार फिर मुख्यमंत्री बनेंगे। लेकिन उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा के साथ आगे आ गए। उन्हें अपने पुराने सहयोगी – भारतीय जनता पार्टी को दगा देने में कोई संकोच नहीं किया। शरद पवार ने कांग्रेस नेतृत्व को राजी किया और उन्हें उद्धव ठाकरे का समर्थन करने के लिए मजबूर किया और अपनी सरकार बना ली, लेकिन फडणवीस ने जून 2022 में पवार साहब की साजिश को माकूल जवाब दे दिया। केवल ढाई साल की अवधि के लिए उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बने। अब वही ठाकरे शरद पवार के हाथों खिलौना बने हुए हैं।

# ऋषि परंपरा से ही विकसित भारत का निर्माण होगा संभव

## जगदगुरु बोले—जीवन पर्यंत करेंगें ऋषि परंपरा का निर्वाह

चित्रकूट। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के प्रांगण में आधुनिक जीवन में ऋषि परंपरा विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन शनिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के जीवन पर्यंत कुलाधिपति जगदगुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने

**➤ उपराष्ट्रपति ने जेआरएचआरयू में अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का किया उद्घाटन**

की। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात उपराष्ट्रपति को कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय व तुलसी पीठ के उत्तराधिकारी आचार्य रामचन्द्र दास ने अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। उपराष्ट्रपति ने संबोधित करते हुए कहा कि चित्रकूट में एकलव्य के रूप में आए हैं। भारत ऋषि मुनियों का देश है और इसी ऋषि परंपरा का निर्वहन जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के द्वारा किया जा रहा है। आज संपूर्ण विश्व में अशांति व विद्वेष फैला हुआ है। जिसका एकमात्र निदान भारतीय ऋषि परंपरा के द्वारा ही हो सकता है। श्री गणेश मनीषी जगदगुरु स्वामी रामभद्राचार्य सतत रूप से कर रहे हैं। उन्होंने देश की प्रगति के मानदंड के रूप में जी–20 में भारत की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि विकसित भारत का निर्माण ऋषि परंपरा के रास्ते पर चलकर ही संभव है। उन्होंने जगदगुरु को दिल्ली आने का निमंत्रण भी दिया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति के साथ उनकी धर्मपत्नी डॉ सुदेश धनखड़ भी चित्रकूट पधारी।




कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि विश्वविद्यालय को अत्यंत श्रम से स्थापित किया है। यहां ऋषि परंपरा को बनाए रखूंगा और अपने दायित्व का जीवन पर्यंत ऋषि परंपरा के द्वारा निर्वहन करुंगा। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने डॉ गीता देवी मिश्र की मूर्ति तथा बालक छात्रावास, बालिका छात्रावास व बाउंड्रीवाल का अनावरण किया। कार्यक्रम में राज्य सरकार के मंत्री नंद गोपाल नंदी, श्रम एवं सेवा योजन मंत्री अनिल राजभर एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ गोपाल कुमार मिश्र ने किया।

इस अवसर पर संगोष्ठी के संयोजक डॉ शशिकांत त्रिपाठी, डॉ प्रमिला मिश्रा, डॉ विनोद कुमार मिश्र, डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ निहार रंजन मिश्र, डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ गुलाब धर, डॉ किरण त्रिपाठी, डॉ मनोज पांडेय, कुलसचिव मधुरेंद्र कुमार पर्वत, पीआरओ सुधीर कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर, आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल सहित विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# संगीतमय सुंदरकांड की धुन पर झूमे श्रद्धालु

हरदोई(आरएनएस) ।अग्रवाल धर्मशाला में श्री विनायक समिति द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव की रजत जयंती वर्ष में बीती रात संगीतमय हनुमान चालीसा और सुंदरकांड की धुन पर श्रद्धालु भक्ति भाव से देर रात तक झूमते रहे। हरदोई के महाराज के दरबार में उमड़ी भक्तों की भीड़ के साथ संध्या आरती के पश्चात सांस्कृतिक मंच से चंडीगढ़ से आए कलाकारों सुनील धयानी और मंजीत ध्यानी ने अपने मीठे भजनों से सभी को भाव विभोर कर दिया। गणपति बप्पा से आशीर्वाद लेने के बाद ष्जब साथ हमारे राम, तो बन जाएंगे बिगड़े सारे कामष भजन गाकर कलाकारद्वय ने प्रभु श्री राम की आराधना के साथ कार्यक्रम का आरंभ किया तो पूरे पंडाल में आध्यात्मिकता का वातावरण बन गया।

इसके बाद उपस्थित भक्तों के साथ इन कलाकारों ने रुद्रअवतार श्री हनुमंत लाल की आराधना करते हुए गोस्वामी जी लिखित श्रीहनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ आरंभ किया तो मंच के सामने बैठे सभी श्रद्धालु पूरे भक्ति भाव से लीन होकर कलाकारों के स्वर के साथ अपना स्वर मिलाकर हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे,उस समय ऐसा दिव्य और अद्भुत वातावरण पूरे पंडाल में पसर गया जहां सिर्फ सभी को अपने प्रभु की भक्ति का ही एहसास हो रहा था।

तालियों की गूंज के साथ हनुमान जी और गणपति बप्पा के जयकारों से पूरे पंडाल को गुंजा देने वाले भक्तों का जोश उस समय अपने उच्चतम शिखर पर पहुंच गया जब कलाकारों ने सुंदरकांड का संगीतमय पाठ आरंभ किया। हाथों में सुंदरकांड की पुस्तिका लिए या अपने मोबाइल पर सुंदरकांड का सोपान खोलकर कलाकारों के साथ पूरी तन्मयता और भक्ति के साथ हरदोई की जनता हनुमान जी की आराधना सुंदरकांड के माध्यम से कर रही थी। भक्ति भाव में डूबे हुए श्रद्धालुओं के चेहरे पर चमकता तेज और संतोष कभी कभी तो उनकी आंखों से अश्रु बनकर भी निकल रहा था। तालियों की ताल पर पूरा पंडाल भावो की सरिता में डुबकी लगता नजर आ रहा था। बीच–बीच में भावों के बढ़ जाने से गणपति बप्पा मोरिया और हनुमंत लाल की जय के जय घोषों से पंडाल में एक रोमांच का वातावरण बन रहा था।

कलाकारों के साथ सुंदरकांड की समाप्ति के बाद राधा अष्टमी की पूर्व संध्या पर इन कलाकारों ने राधा कृष्ण के कुछ भजनों को सुना कर मानो सभी को भक्ति की गंगा में डुबकी लगा दी। श्रोता इस रस में देर रात तक डूबते उतराते रहे। कार्यक्रम का संचालन अयोध्या से आए आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने अपने अंदाज में किया।

सुंदरकांड का समापन श्री रामचरितमानस की आरती के साथ हुआ। श्री विनायक समिति के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल और समिति के सभी सदस्यों ने मानस की आरती करके इस सांस्कृतिक संध्या को संपन्न किया।

इसके पूर्व श्री विनायक समिति के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने संरक्षक राकेश अग्रवाल,अविनाश चंद्र गुप्ता शील गुप्ता सांडी, उदय अग्रवाल, राजा बख्श सिंह,अवध बिहारी मिश्र,अमलेंद्र नाथ मिश्रा को रामलला की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। कलाकारों में मंजीत धयानी को पटका प्रदान कर रश्मि गुप्ता और सुनील ध्यानी को पंकज अग्रवाल ने पटका और रामलला की प्रतिमा प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर राजेंद्र पटेल, श्याम अवतार गुप्त सुशील अग्रवाल, राकेश अग्रवाल,अमित पांडे, प्रदीप गुप्ता, प्रमोद कुमार सिंह पामू,सुशील गुप्ता,देवेंद्र गुप्ता,प्रांशु पांडे समेत भारी संख्या में श्रद्धालु देर रात्रि तक उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### कोन पुलिस द्वारा दहेज हत्या में वांछित तीन नफर अभियुक्त गिरफ्तार

कोनध्सोनभद्र (आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक ( आप०) के कुशल मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी ओबरा द्वारा वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम द्वारा मुव अ व सं व 97ध2024 धारा 85, 80 (2) भारतीय न्याय संहिता 2023 व 3ध4 डीपी एक्ट थाना कोन जनपद सोनभद्र के वांछित अभियुक्तगण गोविंद पुत्र अशोक चंद्रवंशी उम्र 24 वर्ष पति) ,छोटू उर्फ रवि रंजन पुत्र अशोक चंद्रवंशी उम्र 21 वर्ष (देवर), अशोक चंद्रवंशी पुत्र रामनरेश उम्र 50 वर्ष (ससुर) निवासीगण ग्राम बोदार थाना कोन जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण को विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय राबर्ट्सगंज सोनभद्र भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाले टीम में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक गोपाल जी गुप्ता थाना कोन जनपद सोनभद्र, हेड कांस्टेबल, मुकेश कुमार यादव, काव सचिन यादव, काव चंदन सरोज शामिल रहे।

### 47वें स्थापना दिवस पर आयोजन

शक्तिनगर,सोनभद्र (आरएनएस)। एनटीपीसी आवासीय परिसर में स्थित संत जोसेफ स्कूल में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ विद्यालय का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं शिक्षिका उर्मिला सिंह एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर डॉ0 विंसेंट परेरा ने ध्वजारोहण के साथ किया। एतदुपरांत प्रार्थनाओं की शुरुआत हुई, जिसके अंतर्गत पूर्व प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, अभिभावकों, एनटीपीसी के अधिकारियों, पुराछात्रों, अध्ययनरत छात्रों के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। विद्यालय की गौरवमयी यात्रा पर कक्षा 8 के छात्रों ने प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं शिक्षिका ने विद्यालय के प्रति अपना आभार ज्ञापित करते हुए विनम्र निवेदन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर डॉ0 विंसेंट परेरा ने विद्यालय के प्रथम प्रधानाचार्य के साथ ही विभिन्न प्रधानाचार्यों के अवदान को अपने स्मृति पटल पर अंकित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि 46 वर्ष पूर्व जब यह विद्यालय स्थापित किया गया था तभी यशस्वी प्रधानाचार्य ने विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य हेतु जो दूरदृष्टि रखी थी उसी का प्रतिफल है कि आज हम प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर ही प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहे हैं। शिक्षार्थी हमारे राष्ट्र की अनमोल धरोहर हैं साथ ही भविष्यनिर्माता भी, अतः हमें सदैव यह ध्यान रखना होगा कि हम विद्यालय की गरिमा को बनाए रखें और उसके लिए प्रयत्नशील रहें। पूर्व प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, छात्रों तथा अभिभावकों के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि विद्यालय के गौरवशाली इतिहास को ध्यान में रखते हुए शिक्षा जगत में इसकी प्रतिष्ठा को आलोकित करना होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम शिक्षक टाइटस क्रस्ता के निर्देशन में हुआ, संचालन छात्रा आद्या एवं आप्तिका ने किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी तथा छात्र उपस्थित रहे।

### छात्रवृति परीक्षा में 101 ने लिया भाग



जौनपुर(आरएनएस)। जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट ने बनवासी (मुसहर) समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन करके उन्हें उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतियोगी परीक्षा स्थानीय सी.एम.एम. इंग्लिश स्कूल, रशीदाबाद में आयोजित किया । जिसमें जौनपुर सहित वाराणसी एवं आजमगढ़ जिलों के बनवासी समाज के हाईस्कूल एवं इंटरमीडियट स्तर के कुल 137 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया जिसमें 101 विद्यार्थी ( 56 छात्र एवं 45 छात्राओं ) ने प्रतिभाग किया। मिशन बिरसा मुंडा सेवा समिति – आजमगढ़ के कमलेश पासवान, मुसाफिर बनवासी, अभय कुमार बनवासी, जितेंद्र कुमार, गोविंद जी एवं चन्दन कुमार द्वारा शुचितापूर्ण परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य किया गय जेब्रा अध्यक्ष संजय कुमार सेठ बताया कि तीनों जिलों के चयनित 10 –10 मेधावियों को स्वतन्त्रता आंदोलन में बलिदान हुए आदिवासी नायकों के नाम से छात्रवृति प्रदान की जायेगी।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर(आरएनएस)। सरपतहां थाना क्षेत्र में किशोरी से दुराचार के मामले में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ज्ञात हो कि गत गुरुवार को स्कूल से लौट रही छात्रा को आरोपी युवक ने नशीला पदार्थ खिलाकर अपहरण कर लिया और बन्द कमरे में ले जाकर बेहोशी की हालत में उसके साथ दुराचार किया। प्रकरण में किशोरी की मां की तहरीर पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस आरोपित के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तारी के लिए दबिश देने लगी। रबिवार को प्रभारी थानाध्यक्ष प्रेम शंकर सिंह मय हमराह कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार व शरद वैश्य के साथ क्षेत्र भ्रमणशील थे।दुराचार के मामले में वांछित अभियुक्त के गुड़बड़ी चौराहे पर होने की सूचना पाते हीं थानाध्यक्ष टीम के साथ मौके पर पहुंच गए।

### मंगेश के परिवार से मुलाकात की

जौनपुर(आरएनएस)। आजाद अधिकार सेना के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगेश यादव के बक्षा थाना क्षेत्र के उनके गांव अगरौरा जाकर उनके परिवार से मुलाकात की. उन लोगों ने मंगेश के पिता राकेश यादव की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर से बात कराई, जिन्होंने इस घटना के फर्जी होने के संबंध में तमाम महत्वपूर्ण तथ्य और सबूत उन्हें बताए। इसमें पुलिस द्वारा मंगेश को 2 सितंबर को रात 2 बजे उठा कर ले जाने से लेकर उसके शरीर पर आई तमाम चोटों सहित पुलिस की कहानी की अन्य तमाम कमियां शामिल थी।अमिताभ ठाकुर ने उन्हें कहा कि वे शीघ्र ही उनके गांव आकर उनसे मुलाकात करेंगे और घटनास्थल भी जाएंगे. उन्होंने कहा कि वे इन समस्त तथ्यों को अपने द्वारा मानवाधिकार आयोग में की गई शिकायत में भेजेंगे ।

## केयर टेक्नीशियन के बच्चों का स्वागत

सोनभद्र (आरएनएस)। साईं हॉस्पिटल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग पैरामेडिकल प्रशिक्षण के लिए कोर्स इमरजेंसी ट्रामा केयर टेक्नीशियन छात्र छात्राओं को बुधवार को कॉलेज द्वारा इस कार्यक्रम में प्रबंधक निर्देशक डॉक्टर वी0 सिंह, डायरेक्टर डॉ0 अनुपमा सिंह, नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

डायरेक्टर द्वारा बताया गया की पिछड़ा हुआ जिला सोनभद्र में नर्सिंग व पैरामेडिकल का कॉलेज खोला गया। तथा अन्य कोर्सों के साथ यहां इस सत्र एक और कोर्स इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर का पढ़ाई प्रारंभ हुआ जिसमें छात्र–छात्राओं को बेहतर रोजगार की सुविधा उपलब्ध होगी। आप सभी अपने करियर के लिए एक अच्छा प्लेटफार्म चुना पैरामेडिकल क्षेत्र में मरीज की सेवा करने के लिए एक अच्छा अवसर मिलता है। मैं कामना करती हूं।

# 491 वाहनों का चालान काटा

रायबरेली(आरएनएस)। यातायात पुलिस द्वारा बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता अभियान के दौरान निर्धारित गति से अधिक चलने वाले वाहनों की गति की चेकिंग स्पीड राडार के माध्यम से की गई।निर्धारित गति से तेज चलते हुए पाए जाने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई।शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर के द्वारा सघन चेकिंग की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की गई। आम जनता को पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से जानकारी देते हुए सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग व वैनर लगवाए गए तथा पम्पलेट वितरित किए गए । इसके साथ ही राजमार्गों पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों को राजमार्ग के किनारों से हटवाया गया साथ ही उनको ऐसा न करने की चेतावनी दी गई।ना मानने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। मोडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों की सघन चेकिंग की गई। मोडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों से मोडिफाइड साइलेंसर निकलवाए गए तथा उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई भी की गयी। उक्त संपूर्ण अभियान के दौरान पूरे जनपद में कुल 491 चालान करते हुए 6 लाख 31 हजार का जुर्माना वसूला गया।



## कर्मा क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन्न

करमा(सोनभद्र) (आरएनएस)। करमा क्षेत्र पंचायत की बैठक बुधवार को स्थानीय सभागार में ब्लाक प्रमुख सीमा देवी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों एवं मनरेगा, आवास, शौचालय, अमृत सरोवर, आगनवाड़ी केंद्र, आदि सभी बिंदुओं पर कार्रवाई की पुष्टि की गई। और आगे होने वाले कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया। खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने विकास खंड के अंतर्गत बनवाए गए मुख्यमंत्री आवास, प्रधानमंत्री आवास, अमृत सरोवर समेत मनरेगा के तहत पहले कराए गए कार्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने क्षेत्र पंचायत सदस्यों से कहा कि अपने–अपने क्षेत्र में होने वाले कार्यों के लिए सूची उपलब्ध कराए उन पर विचारोंपरांत कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के तहत हो रहे सर्वे पर भी प्रकाश डाला। कुछ क्षेत्र पंचायत सदस्यों अपने मांग पत्र खंड विकास अधिकारी को दिया। इसके पहले एडीओ आई एस बी अनन्त कुमार सिंह ने शासन द्वारा मिलने वाली सुविधाओं पर प्रकाश डाला। पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुओं के बीमा पर मिलने वाले अनुदान के विषय में बताया। सीएससी अधीक्षक डॉ मुन्ना प्रसाद ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले बीमारियों से बचाव और उपाय पर प्रकाश डाला।




# आप ने पार्टी विस्तार की बनाई रणनीति

चित्रकूट। आम आदमी पार्टी कार्यालय में शनिवार को बुंदेलखंड प्रांत अध्यक्ष विवेक कुमार जैन की अध्यक्षता में संगठन की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान जिले में पार्टी विस्तार की रणनीति बनाई। कहा कि आगामी जिला पंचायत चुनाव के लिए हर वार्ड में जिलाध्यक्ष प्रभारी नियुक्त करेंगें। इस मौके पर रामकिशोर सिंह खंगार को पार्टी की टोपी पहनाकर सदस्यता दी गई। इसके पूर्व जिलाध्यक्ष सन्तोषी लाल शुक्ला ने प्रांत अध्यक्ष विवेक कुमार जैन एवं प्रात महासचिव अंकित सिंह पटेल को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष श्यामबाबू त्रिपाठी, नर्वदा प्रसाद यादव, लवलेश केसरवानी, धनराज सिंह, शिवशंकर, योगेन्द्र रैकवार, अनुरुद्ध सिंह यादव, संतोष गुप्ता, सचिन कुमार, संतोष भारद्वाज, दिलीप सिंह पटेल आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर–दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता मालती देवी निवासी खैरा पूरे छेमी विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ़ ने बताया कि प्रार्थिनी के पति शीतला प्रसाद तिवारी के नाम अन्त्योदय राशन कार्ड बना था जिसे कोटेदार ने कटवा दिया, उसके बाद प्रार्थिनी के नाम पात्र गृहस्थी का राशन कार्ड बना उसे भी कटवा दिया, प्रार्थिनी के कोई संतान नही है, कोटेदार से कई बार हम पति व पत्नी मिले लेकिन कहते है कि हम राशन नही देंगे जो करना हो जाओ कर लो, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया है कि पात्रता की जांच कर राशन कार्ड बनवाया जाये और यह भी जांच करें कि किन परिस्थितियों में राशन कार्ड निरस्त हुआ है उसकी आख्या उपलब्ध करायें। शिकायतकर्ता मो0 शमीम निवासी रामपुर बावली ने शिकायत किया कि प्रार्थी ने एक किता मकान गाटा संख्या 255अ रकबा 0.097 हेक्टेयर में से 0.011 हेक्टेयर मकान का बैनामा 31.03.2022 को लिया था, बैनामे के पश्चात् प्रार्थी के बहन, बहनोई को कैन्सर की बीमारी का ईलाज कराने मुम्बई चला गया, लौटकर आया देखा तो अब्दुल शमद व मो0 इरशाद, फारूक, याकूब निवासी रामपुरखास ने प्रार्थी के मकान का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया है, प्रार्थी ने मना किया तो उपरोक्त लोग गालियॉ देने लगे व जान से मारने की धमकी देते हुये अमादा फौजदारी हो गये। उपरोक्त लोग सरहंग, दबंग, भूमाफिया किस्म के व्यक्ति है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने एसएचओ लालगंज को निर्देशित किया है कि जांच की जाये एवं दोषी पाये जाने पर कार्यवाही कर आख्या उपलब्ध करायें। इसी प्रकार जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने अन्य प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण यथाशीघ्र किया जाये। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर–उधर भटकना न पड़े।



# संकल्प और मजबूत इरादे के साथ कराएं विकासः कश्यप

चित्रकूट। पिछड़ा वर्ग कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री व जनपद प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी

**➤ कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश**

योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने का कार्य करें। विकास कार्य गुणवत्तापरक होने चाहिए। कानून व्यवस्था कायम रहे। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश विकास की गति में आगे बढ़ा है। आर्थिक स्थिति प्रदेश की मजबूत हुई है। प्रदेश का माहौल अनुशासित हुआ है। बहुत चुनौतियां सामने खड़ी होती है उनसे सबको निपटना है। सभी अधिकारी अपने कार्यशैली में बदलाव लाएं। जनता की अपेक्षाएं सरकार से रहती हैं। विद्युत की स्थिति में सुधार कराएं। संकल्प व मजबूत इरादे की जरूरत है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि समय से सड़कों के निर्माण कार्य किए जाएं। मुख्यमंत्री प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए निवेशकों के माध्यम से सभी जिलों पर उद्योग स्थापित करा रहे हैं। उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने में सभी लोग कार्य करें।

डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो दिशा निर्देश दिए गए है उसका अक्षरशः पालन कराया जाएगा। शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाया जाएगा। बैठक का संचालन सीडीओ अमृतपाल कौर ने किया। इस मौके पर विधायक मऊ मानिकपुर अविनाश चन्द्र द्विवेदी, एसपी अरुण कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल सहित एडीएम नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, अपर एसडीएम मोहम्मद जसीम, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इन्द्र नारायण सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश, सब रजिस्ट्रार कर्वी राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

**एमसीएच विंग का निरीक्षण और आडिटोरियम का किया लोकार्पण**—जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने शनिवार को एमसीएच विंग खोह अस्पताल का निरीक्षण एवं ऑडिटोरियम का लोकार्पण किया।

एमसीएच विंग खोह अस्पताल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधीक्षक डॉ भास्कर से दवाओ की उपलब्धता, चिकित्सा व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी की। उन्होंने अधीक्षक को निर्देश दिए कि मरीजों का इलाज सही तरह से कराया जाए। किसी भी मरीज को असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने ऑडिटोरियम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नरेंद्र गुप्ता, कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद सहित संबंधित अधिकारी एवं अन्य जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।



# चोरो ने दो घरों को बनाया निशाना

बछरावां,रायबरेली(आरएनएस) ।कन्नावा गांव में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया है। दोनों घरों से एक लाख बीस हजार की नगदी समेत बीस लाख के जेवरात चोरों ने पार कर दिए हैं । क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में आक्रोश व्याप्त है । वहीं पुलिस की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं ।शनिवार देर रात चोरों

**➤ एक लाख बीस हजार की नगदी समेत बीस लाख के जेवरात किये पार**

ने कन्नावा गांव के रहने वाले रिटायर्ड रेलवेकर्मी कर्मवीर पुत्र खुशीराम के घर मे चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उनके घर से तीन अलमारियों को तोड़कर नगदी समेत उनकी बेटी किरण , सविता , गीतांजलि समेत उनकी पत्नी मीना के सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए। पीड़ित किरण ने बताया कि वह और घर के अन्य सदस्यों के साथ छत पर लेटे थे।और उनका भाई धनंजय नीचे कमरे में सो रहा था।आशंका है कि चोर छत के रास्ते से जीने से होते हुए घर में दाखिल हुए हैं । तड़के सुबह लगभग चार बजे वह बच्चों के लिए दूध लेने नीचे आई । तो देखा भाई के कमरे का दरवाजा बाहर से कपड़े से बंधा पड़ा है। वही दूसरे कमरे में रखी तीन अलमारी के लॉक टूटे पड़े हैं। सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा है। उसने बताया कि एक लाख की नगदी समेत बारह लाख के सोने चांदी के जेवरात चोर उठा ले गए हैं । इसी गांव के रहने वाले इंदल कुमार पुत्र बिंदेश कुमार के घर में भी चोर जीने के रास्ते घर में दाखिल हुए हैं । चोरो ने दो बक्सों को कटर से काट कर नगदी व जेवरात पार कर दिए। पीड़ित रचना ने रोते बिलखते हुए बताया कि उनके घर से चोर बीस हजार की नगदी के साथ लगभग आठ लाख के जेवरात चोरी कर ले गए हैं। वह और परिवार के अन्य सदस्य कमरे में सो रहे थे।थानाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिली है ।



